रस की बातें सुनकर के बुड्ढों में भी कुछ उत्साह और जोश पैदा होगा और हो सकता है उनका बुढ़ापा कुछ ज्यादा दिन के लिए हट जाय। तो मैं इस सम्बन्ध में निवेदन करना चाहता हूं माननीय मंत्री जी से कि माननीय मंत्री इस मांग के ऊपर विशेष रूप से ध्यान दें कि वहां रेडियो स्टेशन होना नितान्त आवश्यक है। रेडियो स्टेशन की मेरी ही मांग नहीं, बहुत से लोक सभा के सदस्यों की मांग है, बहुत सी संस्थाओं की मांग है, जनता की मांग है, बल्कि मैं तो यह कहूंगा कि देश की मांग है। इसलिये देश की इस मांग और जनता की मांग को वह विशेष रूप से ध्यान में रखें। मुझे आशा है कि माननीय मंत्री जी इन अनुदानों की मांगों का जवाब देंगे तो घोषणा करेंगे कि वहां ब्रज क्षेत्र में या ब्रज क्षेत्र के मुख्य स्थान मथुरा में जहां की मांग तमाम देश से पहुंची है, वहां पर रेडियो स्टेशन होगा।

दूसरी प्रार्थना मैं यह करना चाहता हूं कि जहां .....

उपाध्यक्ष महोदय : आप और समय लेना चाहते हैं ?

श्री वि० सिं० चौधरी : जी हां।

उपाध्यक्ष महोदय : तो आप सोमवार को जारी रखें।

15.29 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTION

EIGHTY-SECOND REPORT

Shri M L. Dwivedi (Hamirpur): Sir, I beg to move:

> "That this House agrees with the Eighty-second Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 23rd March, 1966."

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

> "That this House agrees with the Eighty-second Report of the Committee on Private Member's Bills and Resolutions presented to the House on the 23rd March, 1966."

The motion was adopted

15.291-2 hrs.

RESOLUTION RE: FREE MOVEMENT OF FOODGRAINS IN THE COUNTRY—*contd.*

Mr. Deputy-Speaker: The House will now take up further discussion of the following Resolution moved by Shri Tan Singh on the 11th March, 1966:—

> "This House is of opinion that the system of compulsory monopoly procurement and all zonal and other barriers to the free movement of foodgrains throughout the country be abolished immediately."

1 hour ond 20 minutes are left. Shri Bishwanath Roy may continue his speech.

श्री विश्वनाथ राय (देवरिया) : उपाध्यक्ष महोदय, पिछली बार जब इस प्रस्ताव पर विचार हो रहा था उस वक्त मैं सदन का ध्यान इस बात की तरफ आकर्षित करना चाहता था कि सरकार द्वारा एकाधिकार वसूली की प्रथा ऐसी नहीं है जिससे किसी किसान को नुकसान या हानि हो। वह उनकी रक्षा के लिए भी है। उनकी आर्थिक रक्षा के लिए उसका उपयोग होता है। सम्भव है कि इस प्रस्ताव के प्रस्तावक महोदय के वहां अधिक अन्न होता हो और उनके वहां के किसानों को शायद अन्न बेचने का ही अवसर आता हो। लेकिन देश के अन्य भागों में ऐसा अवसर भी आता है जहां

[श्री विश्वदाय राय]

पर कि उत्पादन् बढ़ने पर भाव गिरते हैं और तब सरकार को उचित मूल्य किसानों को सुलभ करने के लिए भाव निर्धारित करके स्वयं उनसे अन्न खरीदना पड़ता है। एक बार नहीं अनेक बार ऐसा हुआ है। पिछली बातों को दुहराने के बदले मैं अपने उत्तरप्रदेश की अब की बात कहूं तो ज्यादा अच्छा रहेगा और तर्कसंगत रहेगा। इस वर्ष आलू का उत्पादन् उत्तरप्रदेश में सबसे अधिक हुआ है। इतना इससे पहले कभी नहीं हुआ था। रोजगारियों ने, व्यवसाइयों ने भाव बिलकुल गिराये इससे बीच में सरकार को आना पड़ा। सरकार सहकारी समितियों द्वारा उचित मूल्य पर आलू खरीद कर मद्रास और दूसरे प्रदेशों को भेज रही है। जाहिर है कि अगर इस तरह बीच में सरकार दखल नहीं देती और यदि यह प्रथा नहीं रहती तो किसानों पर, आलू उत्पादकों पर विपरीत प्रभाव पड़ता। अगर वह अधिपत्य व्यवसायी वर्ग के पास होता, जो आलू का जो रोजगार करते हैं उस व्यापारी वर्ग के हाथ में अगर इसका अधिपत्य होता तो साधारण किसानों को आलू उत्पादकों को हानि उठानी पड़ती। आज देश में जो अन्न संकट विद्यमान है उसमें खाद्यान्न का उत्पादन जैसे भी हो सके तत्काल बढ़ाने की आवश्यकता है। उस खाद्यान्न की कमी को दूर करने के लिए किसानों को जो जी तोड़ कर परिश्रम करना है उस में एक बड़ा धक्का लगता क्योंकि जाहिर है कि खाद्यान्न का उत्पादन् तभी किसान बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे जब कि उन्हें प्रोत्साहन मिले और उनकी उपज का उन्हें उचित मूल्य मिले। आज जौन स्टुर्ट का समय नहीं है जो लंदन के उन्नीसवीं शताब्दी के एक एकोनामिस्ट हुए हैं और जिनका कि यह विचार था कि केवल उत्पादन् और मांग के आधार पर समाज की व्यवस्था चलती है। लेकिन आज वह चीज नहीं चलती है।

15.32 hrs.

[SHRI SONAVANE *in the Chair*]

यही नहीं कि वह हमारे जैसे समाजवादी देश में न चलती हो बल्कि अमरीका या जो अन्य जो पूंजीवादी देश कहे जाते हैं या जहां बिलकुल आर्थिक स्वतंत्रता है वहां देखा जाय तो उधर भी किसी न किसी रूप में वहां की सरकार को और वहां के राज्य को कुछ अधिकार रहता है, एकाधिकार भी कुछ रहता है वहां की आर्थिक व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए। आज अपने देश भारत में तो आर्थिक व्यवस्था प्लांड है—नियोजित है। हम लोग इस बात के लिए बचनबद्ध हैं कि देश में समाजवादी समाज की स्थापना करनी है। हर पांचवें वर्ष देश के हर बालिग को वोट देने का अवसर मिलता है और एक सच्चे प्रजातंत्री रूप में देश का शासन कार्य चलता जाता है। देश के एक छोटे से छोटे गांव के साधारण किसान से लेकर बड़े से बड़े करोड़पति और अरबपति देश की शासन व्यवस्था चलाने के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं और जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा एक योजनाबद्ध तरीके से कार्य चलाया जाता है। निरंतर सरकार द्वारा हमारी आर्थिक व्यवस्था को बढ़ाने का प्रयास हो रहा है ताकि कुछ दिनों के बाद यहां पर समाजवादी समाज की स्थापना हो सके। एक ऐसा विचार लेकर चलना कि सरकार को एकाधिकार न हो और बिलकुल वह समाप्त कर दिया जाय एक ऐसी बात है जैसे यह बात है कि अपनी नींव तो एक सुदृढ़ तरीके से न बनायें और उसके ऊपर बड़ी इमारत ऐसी बनायें जो गिर जाय। जाहिर है कि ऐसा वही कर सकता है जिसके

विचारों में स्पष्टता न हो। देश की सामाजिक व्यवस्था के साथ आर्थिक व्यवस्था के सम्बन्ध में भी दिमाग में स्पष्टता न होने के कारण कोई ऐसी बात कर सकता है। जब एक बार संसद् ने आर्थिक व्यवस्था के सम्बन्ध में समाजवाद की स्थापना के लक्ष्य को मान लिया तो वह सारे राष्ट्र का लक्ष्य हो जाता है वह एक किसी वर्ग विशेष या किसी दल विशेष का ही लक्ष्य नहीं रहता है। ऐसी दशा में जब भारत का लक्ष्य समाजवाद निर्धारित हो चुका है तब बिलकुल सरकार के एकाधिकार को समाप्त करना और कुछ व्यवसाइयों के अधिकार को स्थापित करना आज बीसवीं शताब्दी में उचित नहीं लगता है। आज इस तरह का प्रस्ताव आये यह मेरी समझ में यह बात नहीं आती है।

दूसरी तरफ मैं यह कहना चाहूंगा वह तो आखिर सिद्धान्त की बात है या बड़ी योजना की बात है। अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में भी हम को बाहर से माल लेना ही पड़ता है। हो सकता है कैनाडा और अमरीका जैसे एक आध देश में जहां उपज काफी होती है और आदमी कम है वहां पर अन्न का बाहुल्य हो वहां पर उनकी आवश्यकता से अधिक पैदा होता ही हो लेकिन ऐशिया के देशों में और भारत जैसे घनी आबादी वाले देशों में बाहर से अनाज मंगाने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसी हालत में यह कहां तक उचित होगा कि हम सरकार के अधिपत्य को तो समाप्त कर दें और कुछ व्यवसाइयों के अधिकार को स्थापित होने का अवसर दें? उस हालत में विदेशों से जो भी हमारा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार होता है उसको हम किस आधार पर स्थापित कर सकेंगे? कुछ व्यक्तियों के हाथ में इस सारी व्यवस्था को देना और जिस रूप में यह प्रस्ताव लाया गया है उसे अगर मान लिया जाय तो जिस आर्थिक व्यवस्था और समाजवादी समाज बनाने को हम कृतसंकल्प हैं उस पर एक आघात पहुंचेगा।

अब यह हो सकता है कि राजस्थान के किसी भाग में जिसकी चर्चा प्रस्तावक महोदय ने की थी अन्न का बाहुल्य हो लेकिन देश के अनेक भागों में अन्न की कमी है और इस वर्ष तो खाद्यान्न की स्थिति और भी विषम है। इसके कारण देश में जो असन्तोष व्याप्त हो रहा है उसे यह विरोधी दल वाले और उभारने की कोशिश करते हैं और उसके परिणामस्वरूप जो जो दुखद कांड हुए हैं वह सभी के सामने हैं। अब जाहिर है कि कमी वाले क्षेत्रों में अन्न पहुंचाने के लिए अगर विदेशों से हमें अन्न पूरे तरीके से नहीं मिलता है तो कैसे काम चलेगा? चाहे वह राजस्थान हो चाहे पंजाब हो जहां भी अन्न उस क्षेत्र की आवश्यकता से अधिक है तो वहां का अन्न सरकार लेकर उन भागों में पहुंचायेगी जहां पर उसकी कमी व आवश्यकता है।

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा): ब्लैक से बेचती है सरकार।

श्री विश्वनाथ राय : ब्लैक से बेचने की जो बात है तो वह माननीय सदस्य ज्यादा जानते होंगे। मैं तो उन क्षेत्रों से आता हूं जहां आमतौर पर अभाव रहता है और सदा ही बाहर से अन्न मंगाना पड़ता है। यह बात नहीं है कि वहां के लोग काम नहीं करते हैं, वह काफी मेहनत मशक्कत करते हैं लेकिन आबादी इतनी घनी है कि एक वर्गमील में 1100 से कुछ अधिक व्यक्ति हैं। यह भी नहीं है कि वह कुछ पैदा नहीं करते। हमारे वहां के लोग चीनी बहुत अधिक पैदा करते हैं, वे खुद तो खाते ही हैं साथ ही औरों को और इनको भी खिलाते रहे हैं शताब्दियों से। लेकिन चूंकि आबादी वहां पर काफी घनी है इसलिए वहां अन्न का अभाव रहता

[श्री विश्वनाथ राय]

है और बाहर पर आश्रित रहना पड़ता है। वहां पर ब्लैक नहीं होता है बल्कि जहां सरकार पर कोआपरेटिव सोसाइटियों के द्वारा या राजकीय दुकानों द्वारा, कंट्रोल्ड शौप्स द्वारा विदेशों से मंगवाये हुए अन्न का वितरण कराती है। ब्लैक तो वहां पर होता है जहां उद्योगपति हैं, व्यवसायी हैं और हैडक्वार्टर पर ऐसे स्टाकिस्ट हैं जो थोक का व्यापार करते हैं और जो लोग उनके यहां रहते हैं ब्लैक वे लोग करते हैं। ब्लैक सरकारी दुकानों द्वारा नहीं किया जाता है जो जनता में गल्ला कंट्रोल्ड रेट पर देती हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि भारत के एक हिस्से में जहां पर अन्न अधिक पैदा होता है और उसमें प्रस्तावक महोदय का वह भाग है जहां अधिक गल्ला उपलब्ध होता है वहां सरकार उस भाव से उन्हें कुछ कम देती है जिस पर वह वहां बेच सकते हैं। लेकिन सरकार यह भी तो करती है कि उस गल्ले को इस तरह से इकटठा करके दूसरी जगहों पर जहां अन्न उपलब्ध नहीं है वहां उचित मूल्य पर जनता को सुलभ करती है। अब यह कहें कि सरकार उन्हें कुछ कम देती है और उससे ज्यादा उन्हें व्यवसायी देते हैं तो वह यह क्यों भूल जाते हैं कि देश के उन भागों में जहां अन्न की कमी है वहां की जनता को सरकार उचित मूल्य में अनाज सुलभ करती है जबकि व्यवसाइयों के हाथों द्वारा ऐसा होना सम्भव नहीं है। यह जो सरकार द्वारा एकाधिकार है यह सारे देश और समाज की आर्थिक व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए किया जाता है।

प्रस्ताव के दूसरे हिस्से में प्रस्तावक महोदय ने जोनल और दूसरी बैरियस हटाने की मांग की है। अब सरकार उस पर विचार कर रही है और हो सकता है कि वह किसी हद तक हट भी जाय। सरकार को नियंत्रण और जोन आदि की व्यवस्था समूचे देश के हित को ध्यान रख कर करनी पड़ती है। अब चीनी का ही मामला ले लीजिये। मैं इस पर इस समय अधिक नहीं कह सकता लेकिन जब चीनी का उत्पादन कम था तब नियंत्रण और कंट्रोल रखना था ही। अब चूंकि चीनी का उत्पादन बढ़ गया है इसलिए हो सकता है कि सरकार उस के बारे में नई नीति बनाये। यहां पर समय नहीं है कि मैं अधिक उस पर कहूं लेकिन जोंस हटाने की बात भी सरकार ने एक तरीके से मानी है और उस पर वह विचार कर रही है। उस के सम्बन्ध में संशोधन करने की बात हो रही है। अनेक बार इस पर चर्चा हो चुकी है। इसलिए फिर जब अवसर मिलेगा तब मैं कहूंगा कि चीनी पर से कंट्रोल बिल्कुल खत्म किया जाय या न किया जाय। किसी न किसी तरीके की इस में ढील करने की बात कांग्रेस दल के लोगों ने भी मानी है लेकिन यह कि बिलकुल किसी तरीके का नियंत्रण न हो इस बात को स्वीकार करना मैं समझता हूं वह एक ऐसा क़दम होगा जो आगे चल कर देश को हानि पहुंचा सकता है। जिन के हित की बात प्रस्तावक महोदय कर रहे हैं उन्हीं को नुकसान हो सकता है। अब यह बात दूसरी है कि जोंस का रूप आगे क्या हो, बड़ी बड़ी जोंस हो जायें लेकिन सरकार के एकाधिकार को समाप्त करने का जो प्रस्ताव है यह देश के लिए समाज के लिए और गरीब किसानों के लिए, उन 80 प्रतिशत ग्रामीण किसानों के लिए जो गांवों के रहने वाले हैं उन के लिए बड़ा अहितकर होगा और वह उन के लिए हितकर नहीं होगा इसलिए मैं इस मौजूदा प्रस्ताव का विरोध कर रहा हूं।

Shri Inder J. Malhotra (Jammu and Kashmir): Mr. Chairman, Sir, this Resolution, which has been moved by my hon. friend, Shri Tan Singh, has got two basic aspects. One is the zonal restrictions which have been put on wheat, rice and other grains in the country and the second aspect is that of leaving the entire trade in foodgrains absolutely free, whether to be done by Government or to be done by priavte individuals. First I would like to say a few words regarding zonal restrictions. It is true that ours is such a big country that there are bound to be different kinds of conditions prevailing at the same time in the country. In certain areas there will be surplus foodgrains and in certain areas there will be deficit. Now, it would be advantageous in one set of circumstances and conditions to have restrictions on the movement of the foodgrains, while it will not be advantageous for having these restrictions on different set of circumstances and conditions.

Now, Sir, at the moment, as we have seen, I would like to draw the hon. Minister's attention to a particular and specific example which is today prevailing in the Punjab markets. There is enough of surplus gram and wheat. The result is....

An hon. Member: Maize also.

Shri Inder J. Malhotra: Maize also. The result is, the prices have been fluctuating to such a length that ultimately the farmer has started feeling, or, rather having a very strong feeling, whether it is proper and advantageous for him to grow wheat in the coming season.

It is the responsibility of the Government to provide foodgrains to the consumers. It is also the responsibility of the Government to see that whatever little incentives you have already given to the farmers are properly guarded and safeguarded, so that it should not have adverse effect on the agricultural production of our country.

Sir, I have been able to discuss this matter with the Punjab ministers also; and I also pleaded before them that it is the first responsibility of the Punjab Government to enter the market immediately and buy whatever surplus gram, maize or wheat is existing in the country which is having adverse effect on the market prices. But they were rather reluctant to do this on the Government level. I would therefore suggest to the Central Government that the Central Government should see that such conditions should not be allowed to prevail. and if such conditions have come to exist, they must take immediate steps to see that the condition does not further deteriorate.

Regarding the removal of zonal restrictions I would start from wheat and coarse grains and then go to rice. Now, there has been a rather agreed and unanimous demand all over the country that zonal restrictions should be removed. Now there are arguments which can be for or against this; and it will not be possible for me to go into the arguments. I would only say this, that this year and in the coming year our condition regarding wheat is going to be—if not much better—at least a little better than it was last year. Now, I ask: Why can not Government take a bold decision and start with the wheat and the coarse grains and remove all the zonal restrictions which are now existing in the movement of these foodgrains in the country? With this serving as a sort of basis, basis of the experiment, then our bigger or major difficulty always is in regard to rice. Then, after the experiment we gain regarding wheat and coarse grains as a result of the change in the zonal restrictions, we can later on also think about either removal or continuance of the policy which we are now adopting as far as the restrictions on rice are also concerned.

In this connection I would say, Sir, that apart from the very large section of the congress party feeling about the zonal restrictions, organisations

[Shri Inder J. Malhotra]

like the Farmers' Parliamentary Forum where certain hon. Members of this House are also there, have, after thorough examination, also come to the decision that the zonal restrictions on wheat and course grains should be removed immediately.

Sir, regarding the idea of leaving the trade of the foodgrains absolutely free in our country, I would not like to agree with the Mover of the Resolution, for the simple reason that India is a perpetually deficit country in the production of foodgrains; and I do not share even for a single minute, the assurances, repeated assurances, given by the hon. Minister that India is going to be self-sufficient after five years. I do not agree with that at all even for a single minute. We are going to face this problem. We will face this problem as long as we do not do something drastic to check the rate of growth of our population, and, at the same time, giving more incentives for increasing agricultural production in this country.

Now, Sir, since we are going to be always deficit in foodgrains, our Government, a Government which has been put into power by the people of this country, could not allow the private individuals and the private traders to play havoc with a commodity like foodgrains in this country.

Sir, why is it not possible to leave the foodgrains trade absolutely to the private individual? We have seen that with the little manipulation of introducing more finances in the market or withdrawing the loan finances from the market they can play havoc with the market prices of foodgrains in this country, for which ultimately the consumers are going to suffer. Producer is going to suffer and there is going to be absolute chaos as far as the trade regarding the foodgrains is concerned.

Sir, I would also at this time appeal to the Government that while the Government feels its responsibility to import foodgrains from other countries, Government should also be more responsible and more anxious to see that whatever grain is produced in this country is properly procured, properly stored, and in respect of whatever deficit is left, we should try to see that every year that deficit is reduced and it should never be allowed to be increased.

Now, Sir, in the past also I had been pleading rather strongly that to put the trade of the foodgrains on the right lines, it is very necessary for the Government to have once for all, some final decision. Let us not do it in a half-hearted way. If the Government feels that it is proper for the Government to have monopoly procurement programme, they should have monopoly procurement programme being implemented in every State by the State Governments. If the Government does not feel that the time has come when there should be monopoly procurement programme, then, let it be voluntary procurement being organised by the cooperatives, State Governments and other organisations.

With these words, Sir, I support part of this Resolution as far as the removal of the zonal restriction is concerned, but I should express myself strongly, that I am not willing to agree with my hon. friend that the trade of foodgrains should be left absolutely free to the private individual.

Shri Ranga (Chittoor): He does not say so.

Mr. Chairman: I would like to know from the hon. Minister how much time he would like to take for intervention.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : (बिजनौर) इसके लिए कुछ समय बढ़ा दिया जाये ।

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Govinda Menon): Fifteen to twenty minutes.

Mr. Chairman: Mr. Tan Singh, how much time will you take for reply?

Shri Tan Singh (Barmer): Fifteen minutes.

Mr. Chairman: Fifteen plus fifteen minutes—that is, half-an-hour. I have got a list which shows that there are ten Members remaining who are anxious to speak. So, I think, we should restrict ourselves to seven minutes each. It will be better. If any hon. Member wants a minute more, he may have it. I think it will be better if we have seven minutes each, ordinarily.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : कुछ ऐसे भी मेम्बर हैं, जिन्हों ने नाम नहीं भेजे हैं ।

An hon. Member: Time may be extended.

Mr. Chairman: Ordinarily seven minutes, and maximum, one more minute. Shri Bade. Please restrict yourself to seven minutes.

श्री बड़े (खारगोन) : सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने यह प्रस्ताव सदन के सामने रखा है : "इस सभा की राय है कि अनिवार्य एकाधिकार वसूली पद्धति और देश भर में खाद्यान्नों के निर्बाध रूप से लाने-ले जाने के मार्ग में समस्त क्षेत्रीय तथा अन्य प्रतिबन्धों को तत्काल समाप्त किया जाये ।" मैं इस प्रस्ताव का पूर्णतया समर्थन करता हूं ।

पहले मध्य प्रदेश को सरप्लस स्टेट कहा जाता था, लेकिन जोन बनने के बाद हमारे यहां से चना गुजरात को भेजा गया और जवार महाराष्ट्र को भेजी गई, जिस के कारण हमारे यहां बहुत कठिनाई उत्पन्न हो गई । मैं ने देखा है कि महाराष्ट्र में जोन्ज की वजह से लोगों को अनाज नहीं मिलता है और वहां भुखमरी हो रही है ।

पहले जोन बनाए गए । उस के बाद जिलेबन्दी की गई । उस के बाद तहसील-बन्दी की गई और फिर टप्पाबन्दी की गई । इस वजह से अनाज एक जिले से दूसरे जिले में नहीं जा सकता है । मध्य प्रदेश में गुना में गेहूं पड़ा हुआ है, लेकिन वह बैस्ट निमाड़, खारगोन डिस्ट्रिक्ट में नहीं जा सकता है । एक डिस्ट्रिक्ट से दूसरे डिस्ट्रिक्ट को मूवमेंट बन्द करने से यह स्थिति पैदा हो गई है कि एक जगह के लोग भूखों मरते हैं और दूसरी जगह गेहूं सड़ रहा है । पंजाब में गेंहूं सस्ता मिलता है और वे चाहते हैं कि इसको बाहर लेजाकर बेंचे, खाने के वास्ते दें, लेकिन सरकार तैयार नहीं है । केवल फूड मिनिस्टर साहब अड़े बैठे हैं और कहते हैं कि पंजाब के काश्तकार और वहां के व्यापारी ब्लैक-मार्केट कर के फायदा उठाना चाहते हैं । इस वास्ते उनको इजाजत नहीं देते हैं । हमारे खाद्य मंत्री भी अपना रास्ता देख रहे हैं कि कब ये हमारी शरण आयें और जिस भाव में सरकार उस अनाज को वसूल करना चाहती है, उस भाव में वसूल कर सकें । इस का एक और परिणाम सामने आया है कि व्यापारी अनाज को चोरी से एक राज्य से दूसरे राज्य में भेज रहे हैं । 500 रु० देते हैं बार्डर पर और एक ट्रक एक राज्य से दूसरे राज्य में चला जाता है, बार्डर पर पुलिस बैठी रहती है लेकिन अनाज चला जाता है, इस प्रकार से ब्लैक मार्केटिंग और भ्रष्टाचार शुरू हो गया है । जितने जितने कानून सरकार बनाती है, उससे भ्रष्टाचार का मार्ग खुल जाता है ।

इस के साथ एक और दोष भी सामने आया है जितने हमारे यहां छोटे छोटे व्यापारी

[श्री बड़े]

थे जो अपना माल लाकर बाजार में बेचते थे, वह बन्द हो गया है । 20 लाख ऐसे छोटे छोटे व्यापारी थे जो इस तरह से अपना धन्धा करते थे, वह आज बन्द हो गया है, लेकिन जहां काश्तकार अपना अनाज व्यापारी को अपनी झोपड़ी में ही बेच दिया करता था, आज उसको 10-20 किलो या फिर आधा क्वीन्टल अनाज लाकर तहसील स्थानों में जाकर बेचना पड़ता है और फिर पैसा लेने के लिये उसको तीन चार चक्कर लगाने पड़ते हैं और फिर आधा क्वीटल जो लेवी से प्रोक्योरमेन्ट होता है उसका पैसा लेने के लिये उसको कई दफा जाना पड़ता है । शासन यह चाहता है कि एकाधिकार कर के सब व्यापारी अपने हाथ में लेकर लोगों को भूखा मारे इस से बुरी सरकार दूसरी कोई नहीं हो सकती । गांव गांव में शहर शहर में लोग इस सरकार को कोस रहे हैं कि यह किस प्रकार का कांग्रेस शासन है जो लोगों को भूखा मार रहा है ।

उत्तर प्रदेश में भुखमरी से मौतें नहीं हुई हैं, ऐसा वहां के राजस्व मंत्री ने कहा है । जब हमारे मध्य प्रदेश की विधान सभा में यह सवाल आया कि भुखमरी से मर गये हैं तो कहते हैं कि भूखमरी कोई डिजीज नहीं है । मैं मानता हूं कि यह कोई डिजीज नहीं है लेकिन उससे रिकेट्स होता है, गश आता है, और कई बीमारियां पैदा होती हैं, हो जाती हैं लेकिन यह ठीक है कि एलोपैथी में भुखमरी कोई बीमारी लिखी हुई नहीं है । इस लिये विधान सभाओं में लिख देते हैं कि भूखमरी से कोई मृत्यु नहीं हुई, लेकिन ये मत्यु भुखमरी से नहीं हुई तो किस चीज से हुई, अनाज खाने को नहीं मिला तो उससे बीमारी हो गई और वह इस सरकार की गलत नीति के कारण हुआ ।

राजस्थान विधान सभा में भी इसी प्रकार का उत्तर दिया गया कि टोंक में भूखा होने से मृत्यु नहीं हुई । यह सब कांग्रेस शासन की गलत नीति का परिणाम है क्योंकि खाद्य मंत्री अपनी नीति पर अड़े बैठे हैं । वह कहते हैं कि हम जोन सिस्टम को नहीं तोड़ेंगे, तहसील बन्दी नहीं तोड़ेंगे । बड़े कलैक्टर अपने अपने क्षेत्र में मुगल बादशाह हो गये हैं, जो उनके मन में आये वैसा करते हैं और सरपंच अगर वहां जाते हैं तो पर्दे के अन्दर कलेक्टर साहब बैठते हैं और कहते हैं कि अनाज नहीं है । अगर वह मिलने के लिये कहते हैं तो कह देते हैं कि फुरसत नहीं है और चपरासी उनको वहां से निकाल देते हैं आज जनता कहती है कि ये सब लोग पैसा खाते हैं, तो इसमें नाराज नहीं होना चाहिये । हमारे यहां एक आदर्श है, श्री राम ने, जब सीता के बारे में लाछन लगा दिया गया, तो उन्होंने सीता का त्याग कर दिया । मैं यह नहीं कहता कि आप अपनी पत्नी का त्याग करें, बल्कि मैं तो यह कहता हूं कि अपनी कर्सी छोड़ कर गांव में चल और अपनी पत्नी को या एम० पी० की पत्नी को वहां खड़ा किया जाय क्यू में अनाज लेने के लिये, तब आपको सही परिस्थिति का ज्ञान होगा । जो गरीबों का अन्न है, जैसे मक्का, ज्वार, बाजरा यह तो उनको मिलना ही चाहिये ।

स्वर्गीय श्री किदवई साहब ने क्या किया था ? उन्होंने एकदम कन्ट्रोल को छोड़ दिया था, हमारे मिनिस्टर साहब कहते हैं कि उस वक्त उन को बहुत अच्छा पीरियड मिल गया था, इस वास्ते वह सक्सेसफुल रहे । लेकिन मैं उन से यह कहना चाहता हूं कि अगर आप कन्ट्रोल छोड़ दें तो अनाज ही अनाज हो जायगा और आज जो 20 लाख छोटे छोटे व्यापारी बेकार हो गये हैं, जो अनएम्प्लायमेन्ट उन के अन्दर बढ़ती जा रही है, वह दूर हो जायगी और यह जो भुखमरी आज हो रही है, वह दूर हो जायगी ।

इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

Mr. Chairman: Mr. Rane.

Shri M. R. Krishna (Paddapalli): I am also standing.

Mr. Chairman: But the hon. member has not given his name.

Shri M. R. Krishna: I thought I would catch your eye.

Mr. Chairman: It is possible both ways. (*Interruptions*) Mr. Rane.

Shri Rane (Buldana): I stand to support the abolition of food zones immediately. The Food & Agriculture Minister has appointed an expert committee to go into this question and the Government is awaiting that report. But from the trend of thoughts of the Government during the last month, I am afraid the expert committee will give an opinion that the zones should continue in the interest of the country. This is my apprehension and this is based upon the trend of thoughts of Government during last month.

I wrote a letter to the Food Minister on the 8th July, 1964 and I pleaded with him that, without the abolition of the zones, the question of food shortage cannot be solved. The zonal system was introduced in 1964, either in April or May, and that was, with a particular purpose. Many members might be remembering this that in this House, there was a cry that the prices were soaring high. In order to arrest the rise in prices, the food zones were created, but they have not arrested the prices. My submission is that the shortage of food was created by this zonal system. There is a proverb that a remedy should not be more dangerous or detrimental than the disease. This zonal system has proved to be a remedy which is more dangerous and it has created all sorts of difficulties about the food situation. What is the position today?

In one State, a consumer can get wheat at the rate of Rs. 50 per quintal, bajra at about Rs. 42 per quintal and maize at about Rs. 39 or 40 per quintal. If you go to Maharashtra, a deficit State, you will find that a consumer gets wheat at the rate of Rs. 150|- per quintal and bajra and maize also for more than Rs. 100|- per quintal. Is it equality? Was it meant to create such an inequality in prices or even in distribution? I wrote a letter to the Prime Minister last year and to the Food Minister in 1964 that, in Maharashtra, a person gets two or three kilos per month; that means, about ten tolas per day, while in some other States, a man gets ten kilos per month per head. This disparity in distribution, disparity in prices, and all these problems are created by the zonal system. So I plead with the Minister that the zones should be immediately abolished. The Maharashtra Government is pleading this from the very beginning and the Maharashtra Pradesh Congress Committee has pleaded all along that the zones should be abolished. Some few days back, the Praja Socialist Party in Maharashtra has demanded reorientation of the food policy and their demand is that the zones should be immediately abolished. My submission is that this is a psycho'ogical moment to consider this issue of abolition of food zones. The Government can at least consider the question of abolition of wheat zones or jowar zones or bajra zones. If the Minister is very keen and intent on keeping the rice zones, we do not mind, because the majority of States are not rice-eating areas. Rice is a staple food in Andhra, in Madras, in Kerala, in Bengal and in Orissa. But the rest of the country can eat wheat, maize, bajra, jowar or some other coarse grains. When we are now getting 10 millions tons of wheat from America, this is the most psychological moment for abolishing at least the wheat zones. This is my submission.

16 hrs.

I want to place before the Minister that we must take a lesson from the past. When Shri Munshi was our Food Minister, when we were faced with this question, I shall read out a few lines from what he stated in February, 1952 in the provisional Parliament.

[Shri Rane]

"I must frankly tell you . . .

He told the members of the provisional Parliament

"....that a part of our difficulty is created by inter-State bans. In surplus States there is a natural tendency to utilise internal productions for their own people at low price by easy procurement or restricted export. The marketable surplus remains unprocured and therefore unavilable for exports. If the inter-State zones are removed, all the marketable surplus would be available."

My submission is that this happened in 1952 when the ration and the zonal system were there. Mr. Munshi was faced with the same question with which now our present Food Misister is faced. In 1957 when Mr. A. P. Jain was the Food Minister he also introduce it. But he also failed in his attempt. The zonal system has failed continuously and I submit that the zonal system should be immediately abolished

श्री क० ना० तिवारी (बगहा) : सभापति महोदय, जोनल सिस्टम को हटाने के लिये इस हाउस ने बार बार रिक्वेस्ट किया है और फूड मिनिस्टर साहब को धन्यवाद है कि उन्होंने इस बात का वादा किया है कि वह इस बात पर विचार करेंगे । मेरा निवेदन है कि इस पर जल्द से जल्द विचार होना चाहिये । अगर चावल की कमी है तो कम से कम जो कोर्स ग्रेन्स हैं, जैसे चना, मक्का और इस तरह की दूसरी चीजें हैं, उन के सम्बन्ध में जोनल सिस्टम जल्द से जल्द हटाया जाना चाहिये क्योंकि यह गरीबों के खाने हैं, और गरीबों की तादाद 85 फी सदी है । जोनल सिस्टम की वजह से इन के भाव जहां यह चीजें पैदा नहीं होतीं, बहुत ज्यादा हो गये हैं और जहां पैदा होती हैं वहां यह भाव गिर रहे हैं ।

दूसरा सुझाव मुझे यह देना है कि हमारी गवर्नमेंट की पालिसी मिक्स्ड एकानमी की है लेकिन गवर्नमेंट के पास अभी तक कोई ऐसी मशीनरी नहीं बन पाई है जो गांव गांव में दुकानें खोल सके और लोगों को इन चीजों को, इन खाने की चीजों को मुहैया कर सके । इसलिए जब तक इस का प्रबन्ध नहीं हो जाता, यह जरूरी है कि मिक्स्ड एकानमी के अन्दर गवर्नमेंट ने जो फूड ग्रेन कारपोरेशन बनाया है वह भी जिस तरह से अन्य व्यापारी बाजार में जा कर चीजें खाने की खरीदते हैं, सेंट्रल गवर्नमेंट की ओर से खरीदें । इस से फायदा यह होगा कि कम्पिटीटिव मार्केट होने की वजह से ऐग्रिकल्चरिस्ट को अच्छी प्राइस मिल जायगी और सरकार को बफर स्टाक मिल जायेगा । इसलिये जिन प्रान्तों में अभी तक फूड कारपोरेशन नहीं बनाया गया है वहां पर उसे बन जाना चाहिये ।

मेरा तीसरा सुझाव यह है कि चूंकि अक्सर यह कहा जाता है कि ब्लैक मार्केटिंग होती है जिस की वजह से होर्डिंग होती है, इसलिये होर्डिंग के ऊपर जितनी निगरानी और कड़ाई की जा सकती है की जाये, लेकिन फूड ग्रेन का मूवमेंट जो एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त को होता था उस को बन्द न किया जाये । इस से देश की इंटग्रिटी खत्म हो जाती है । देश के लोग समझते हैं कि वह एक देश के बाशिन्दे नहीं हैं, बल्कि वह बंगाल के बाशिन्दे हैं, बिहार के बाशिन्दे हैं । इस तरह से सारे लोग अन्य अन्य प्रान्तों में बटे हुए हैं । नैशनल इंटेग्रेशन के ख्याल से इस को जल्द से जल्द खत्म किया जाये ।

यह सरकार 18 वर्षों से है । सपोर्ट प्राइस पहली बार धान, गेहूं का किया, लेकिन गवर्नमेंट ने अन्य किसी खाद्यान्न की नहीं तय की । मैक्सिमम प्राइस फूड ग्रेन्स की नहीं होनी चाहिये, उस की मिनिमम प्राइस रक्खी जानी चाहिये और वह सपोर्ट प्राइस

होनी चाहिये । हमारे फूड मिनिस्टर ने इस के लिये जो कदम उठाया है उस के लिये उन को धन्यवाद है । अब तक किसी भी फूड मिनिस्टर ने ऐसा नही किया जैसा सुब्रहयम साहब ने किया । लेकिन फिर भी अभी बहुत से ऐसे ग्रेन्स हैं जैसे मेज है, ग्राम है या दूसरी चीजें हैं, सिवा व्हीट राइस के जिन सीरियलस की कीमत गवर्नमेंट ने तय नहीं की है । गवर्नमेंट अभी तक इस के बारे में एन्क्वायरी कर रही है । मेरा निवेदन यह कि यह एन्क्वायरी जल्द से जल्द खत्म होनी चाहिये और इस मामले में कास्ट आफ प्रडेक्शन ठीक हो जाना चाहिये और सपोर्ट प्राइस किसानों को मिलनी चाहिये ।

जहां तक गवर्नमेंट की मोनोपोली का सवाल है, लोगों ने कहा कि कोआपरेटिव के जरिये और दूसरे जरियों से इस का इन्तजाम होना चाहिये । यह चीज पब्लिक सैक्टर में आनी चाहिये, प्राइवेट सैक्टर में नहीं रहनी चाहिये । मेरा अपना अनुभव यह है, और हाउस में भी यह बात आई है कि हो सकता है कि कहीं की कोआपरेटिव अच्छी हों, लेकिन जनरली हम लोगों का, जो कि देहात में रहते हैं, इम्प्रेशन यह है कि जितनी वंगलिंग प्राइवेट सैक्टर वाले करते है उस से कम वंगलिंग पब्लिक सैक्टर वाले नहीं करते हैं । इस लिये सारी चीजों की दवा कोआपरेटिव ही है, इस में मैं विश्वास नहीं करता ।

मेरा निवेदन तो यह है कि सरकार को इस बात से डरना नहीं चाहिये कि जोनल सिस्टम हट जाये, कंट्रोल हट जाये तो चीजों के भाव बढ़ जायेंगे । बार बार यह बात दोहराई गई है, लेकिन यह ठीक नहीं है । गांधी जी ने कहा था कि कंट्रोल से तरह तरह की बुराइयां समाज में आ जाती हैं इस लिये उस को हटा देना चाहिये । किदवई साहब ने हिम्मत कर के अपने वक्त में उसे हटा दिया उस से भाव बढ़े, लेकिन वह भाव ज्यादा दिन तक नहीं रह सके क्योंकि कम्पिटीशन में भाव उठते और गिरते रहते हैं । फूड ग्रेन ऐसी चीज नहीं है कि जिन को दो चार, पांच या सात साल तक रख लिया जाय । वह साल भर में खराब हो जाते हैं, इस लिये कोई भी व्यापारी साल या छः महीने से ज्यादा उसे अपने पास नहीं रख सकता । इस लिये इस भय को दिमाग से निकाल देना चाहिये और जितनी जल्दी हो सकें इस पर फैसला कर के कारंवाई करनी चाहिये ।

Shri Ranga: Mr. Chairman, I am very glad that some very strong sentiments and expressions of opinion have come from some of our Members on the other side, Mr. Rane, Mr. Malhotra and now Mr. Tiwari. Sir, let there be no misunderstanding in regard to this Resolution. This Resolution is not opposed to mixed economy. We are also as much for it. The difference between the Government's side and ours is that we believe in mixed economy but they put too much stress on it; we put too much stress on the freedom side. That is the only main difference.

The second thing is we stand for the fixation of minimum price for all foodgrains including coarse grains and for pulses, gram and so on. We want the Government to play its effective role there. From what has fallen from the lips of my friend, Mr. Malhotra and Mr. Tiwari, it is clear that the Government has not been playing its role as effectively as it should in regard to fixation of minimum price at a reasonable level and maintenance of it. That is one of our charges. But that is not germane to this particular resolution. When we say that there should not be monopoly procurement, we only want that mixed economy should have its operation and that Government should also procure foodgrains through the Food Corporation, and help the Food Corporation to have sufficient funds from Government, from the Reserve Bank, from the State Bank and the commercial banks also so that it would be able to extend its operations over the whole

[Shri Ranga]

of India in respect of all the foodgrains and also pulses and make as many purchases as possible, and in that way it would be possible for them to prevent the merchants from playing mischief with the peasants. We know that the merchants are just as much capable of exploiting the peasants and playing mischief with them as the Government would do if they alone were to have the monopoly. Therefore, we do not want either the Government or the Food Corporation on the one side or the merchants on the other side to be the only purchasers or the only customers so far as the peasants are concerned. The peasant must have the freedom to make a choice between the Food Corporation on the one side and the ordinary merchants on the other. Let them compete with each other so that the farmers would have the necessary incentive and they would be able to have proper prices for themselves. But even then, there would be a danger of the prices going down too low as it happened in Gujarat and also Rajasthan because of over-production in certain areas. That is why we want that the minimum also should be maintained.

I am very glad to find that there is a general consensus on the side of the Congress also in favour of the removal of these zones. My hon. friend opposite who hails from Kerala ought to be able to know more fully than many others the rigours and the awful consequences of the zonal system that we have had. There is the need for appointing a committee now There was a time when Shri Jawaharlal Nehru was alive, when I was also one of his colleagues in some of the highest committees, when I was asked to take up some responsibility. I said that I should have the freedom to remove those controls which were there at that time, but he was not willing. That was one of the reasons why I left the Congress then. Then, we went out and we defeated the Madras Government, the Congress Government that was there. And what was the result? We insisted upon Rajaji being the Prime Minister or the Chief Minister of that State the Congress Party itself did that, and he took courage in both his hands and removed controls with the help of Rafi Ahmed Kidwai, and Rafi Ahmed Kidwai sat by the side of Shri Jawaharlal Nehru and managed somehow or the other Shri Jawaharlal Nehru as well as the whole system in the country, and gave a boon of freedom for the people from those controls. Did the country go to dogs then? Was there starvation? And did the prices go sky-high as they are now going Were there the kinds of struggles that we have now had in Kerala and Bengal only the other day? No. On the other hand, the prices came down and yet they remained at a sufficiently remunerative level; the peasants did not suffer and the consumers did not suffer; the only people who suffered were the corrupt officials and all that huge administration tha they had built up in the name of the so-called controls.

Therefore, what we want now is not that there should be complete freedom for the traders; no, we do not want that, We do not want Government alone to be the agency having the monopoly procurement either thereby perpetuating the kind of exploitation that is going on on our peasants in all those areas where there is surplus production and also the exploitation of the consumers in other areas.

Secondly, we want freedom of movement. When we ask for this freedom of movement also, we are extremely anxious that these check-posts must be removed. If freedom of movement were to be brought in, I can assure Government that things would improve. Let them hand over charge in regard to this particular matter for three to six months to me, and I would be able to show them that there is a real solution, not merely from the Swatantra side but from the side of commonsense in this country, which is now expressing itself from the Cong-

ress Benches as well as from everywhere else. We would be able to assure our people of freedom from exploitation by the Government officials and the check-post officials and the police and such other people who are running this rig now on the one side and also the merchants on the other.

Shri Balakrishnan (Koilpatti): May I bring to the notice of the hon. Member that when Rajaji was the Chief Minister of Madras, there were starvation deaths in Madras?

Shri Ranga: I do not know for how long my hon. friend has been in politics. If he were to refer to the papers of those days, he would be able to see that that is not correct. I may tell him that what he has said is not correct and is not true. There were no starvation deaths. It is true that some allegations were there, but it was proved to the hilt that there were no starvation deaths. So, what is the use of my hon. friend's saying this kind of thing? Were there starvation deaths in other States whose Governments were also their own Governments? It was their own Government in power in all those States. Rajaji also was their leader at that time; only now he happens to be my leader. (*Interruptions*).

Shri Balakrishnan: I was also a Member at that time, and he was also a Member.

Shri Ranga: What we want is just this. We want complete freedom of movement for the foodgrains to move on the roads and also on the railways, for the Government as well as the Food Corporation on the one side and also the private traders on the other, and also consumer's co-operatives and panchayat samitis on the third side. But what is happening now is this. As my hon. friend Shri K. N. Tiwary has also said, consumers' co-operative societies are also not the proper solution. We have had the scandals in regard to them in Rajasthan, in Delhi, in Punjab and other places, and we are seeing now what the Congress Members of Legislatures have themselves been saying in Madhya Pradesh and Rajasthan etc. in regard to the BDOs.

Mr. Chairman: The hon. Members should try to conclude now.

Shri Ranga: I would conclude by saying that this is a resolution which ought to be treated as embodying the consensus of the public opinion that today prevails amongst most of the Congress people and most of us here who stand from the Swatantra Party, and also, as Shri Rane has said, even the PSP, the only difference that there might possibly be to some extent in some limited area might arise from some of our communist friends, but I hope that they would also see the writing on the wall that these zonal controls have brought all this misery, and that monopoly procurement and all that kind of thing to the extent that hey have been there have not yielded good results but bad results.

Therefore, it would be best for the Government to remain loyal, so far as this particular problem is concerned, to their own profession of mixed economy, and to have the courage to allow competition from free trade even while developing their own Food Corporation and its activities in respect of all the foodgrains and providing minimum price protection for all the foodgrain producers.

Shri Bade: They will remove the barriers when the elections will be there.

Shri Muthiah (Tirunelveli): Mr. Chairman: Shri Tan Singh's resolution says that compulsory procurement and zonal barriers should be abolished immediately and free movement of foodgrains throughout the country should be allowed. As an ideal this is all right, and neither the Government nor the people would object to this. I stand for the abolition

[Shri Muthiah]

of the zonal restrictions and for the free movement of foodgrains ultimately, that is, at the proper time and not immediately. The question is one of time . The question is whether compulsory procurement and zonal restrictions could be abolished immediately and free movement of foodgrains could be allowed throughout the country now. Does the present food situation warrant it? What are the consequences that would follow if such a step is taken? All this should be dispassionately considered by every hon. Member of this House. Such a step can be taken if food production in India is commensurate with th demand if imports have become unnecessary and if sufficient stocks are always available with Government and if the traders have become more responsible towards the common man and care for their welfare more than for their profits . But today these conditions do not exist. The country's production is quite inadequate to meet the demand. The food grains productions in 1965 was unusually low, because of the total failure of rains in many States and the worst drought experienced by them in recent history. The production in 1965-66 was 75.9 mililon tons whereas the production in 1964-65 was 88.4 million tons. The shortfall in 1965-66 is estimated to be about 14 to 15 mililon tons. There was a great shortfall in rice production also. There were near famine conditions in several States such as Gujarat, Rajasthan, and Maharashtra. Relief works were started in these States to provide work and bread to thousands and thousands of people. The country is far away from self-sufficiency in food production. The Third Plan target of 100 million tons has not been achieved. The population is growing fast at the rate of more than a crore a year. Government has a special responsibility to feed the people since our State is a socialist state, a welfare state, and since our objective is the establishment of a democratic and socialist society.

Imports were necessitated by food scarcity conditions in 1965-66 and 1966-67. In 1965-66, Rs. 290 crores worth of foodgrains were imported. We have received generous help from the USA which has authorised 6.5 million tons of wheat and coarse grains for 1965-66 under PL 480 and has promised substantial quantities for 1966-67. The rice imports in 1965-66 were of the order of 7.83 lakh tonnes. But for 1966-67, import of rice has become impossible since rice is not available in foreign countries.

All these imports mean a drain on our foreign exchange. But starvation of the poor people of the country has to be stopped at any cost by Government. No responsible government can shirk this responsibility. The traders in India, I submit, cannot fulfil this great responsibility. I feel that it is risky to entrust this to them in the particular conditions that obtain today. Traders gererally are not quite public spirited; they care for profits more than for the welfare of the poor people.

Mr. Chairman: He cannot say that of all traders.

Shri Muthiah: Most of them. Most of the traders have mainly the profit motive in mind. In conditions of extreme scarcity, they will hoard stocks and push up prices and profiteer very much at the expense of the common people. For example, traders in Punjab and Rajasthan are today holding back huge stocks of food grains brought from producers at control rates in order to sell them at exorbitant prices later. Traders in Punjab are holding back about 70,000 tons of wheat and 1,00,000 tons of gram. Hoarders in Rajasthan are holding back 60,000 tons of gram. Huge surplus stocks of rice and wheat in Andhra Pradesh, Orissa and Punjab and

coarse grains in Rajasthan are with traders now. Government are concerned at this and are making great efforts to buy these stocks and distribute them to the deficit States, to needy people. Government are trying to build up stocks by internal procurement. For this purpose, the Food Corporation of India has been set up. The Corporation is purchasing foodgrains from surplus States. The purpose of zonal restrictions is only to restrain the private traders from exploiting the situation of shortage and to help government procurement in surplus States. But unfortunately, the surplus States are not co-operating with the Centre in procurement. The States are moved by parochial considerations. Take, for example, Madhya Pradesh's 'no' to the Centre regarding Central procurement there. This is a serious handicap; without the active and full co-operation of the States, the Centre cannot fulfil this great responsibility of feeding the poor people, of procuring and distributing foodgrains through ration shops and fair price shops.

Can the Centre abolish the present zonal system and build up its own machinery? This problem is worrying the Central Government. They have set up an expert committee to examine possible alternatives to the present zonal system, the procurement system and distribution system. Government have an open mind in the matter and are prepared to do whatever is best for the common people of the country....

Mr. Chairman: The hon. Member's time is up. Shri S. N. Das.

